तापमान

अधिकतम 40 .6 डिग्री
न्यूनतम 18 .5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 2 जून 2025



11 साइकिल रैली के माध्यम से मिलेगा पर्यावरण ...





12 आपरेशन शील्ड को लेकर प्रशासन की ओर से ...




## खबर संक्षेप

### ट्रेन से महिला की नकदी व जेवर चोरी

**समालखा।** समालखा रेलवे स्टेशन के पास दादर एक्सप्रेस में सफर कर रही एक महिला का पर्स चोरी हो गया। पर्स में भारतीय-सिंगापुर के दस्तावेज, डायमंड, सोने व चांदी के आभूषण समेत कैश व डॉलर थे। महिला अपने दोस्तों के साथ झांसी से कुरूक्षेत्र तक सफर कर रही थी। अलसुबह उसका पर्स चोरी हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है। सामान में उसका पर्स गायब मिला। पर्स में आईफोन 15, तीन भारतीय पासपोर्ट, तीन सिंगापुर डिपेंडेंट पास, तीन भारतीय आधार कार्ड थे। इसके अलावा सोने की 28 ग्राम वजनी दो चूड़ियां, 2 जोड़ी झुमके, 3 सोने की अंगूठियां, एक जोड़ी डायमंड ईयररिंग, एक डायमंड की अंगूठी, चांदी के आभूषणों के अलावा 15 हजार कैश व 120 सिंगापुर डॉलर थे।

### युवक के साथ हजारों की ठगी, शिकायत दर्ज

**पानीपत।** पानीपत हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस को दी शिकायत में गौरव परवाना ने बताया कि अज्ञात लोगों ने उसके साथ ठगी कर ली। ठगों ने उसके क्रेडिट कार्ड से लगभग 51 हजार 984 रुपए अलग-अलग एंट्री के माध्यम से कट गए। उसने दोबारा उक्त नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की तो उसकी बात नहीं हो सकी। तब उसने साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करवाई।

### पानीपत में घर से लाखों की चोरी

**पानीप।** तहसील कैंप थाना पुलिस को दी शिकायत में महिला चंद्रकांता ने बताया कि वह देशराज कॉलोनी में किराए के मकान में रहती है। वह दो बच्चों की मां है। दोनों बच्चे विवाहित है। उसका बेटा उसके कहे सुने से बाहर है, इसी वजह वह घर से भी बाहर ही रहता है। 30 मई को वह अपनी दवाई लेने के लिए हरिद्वार गई थी। शाम करीब 7 बजे वह अपने मकान पर वापस लौटी। अपना सामान चेक किया तो देखा कि अलमारी से सोने-चांदी के आभूषण समेत कैश चोरी हो गया है। महिला ने बताया कि अलमारी से सोने के झुमके, अंगूठी, लोकेट, चेन, पायल और 40 हजार कैश अज्ञात चोर चुराकर ले गए है।

### युवक ने 8 वर्षीय बच्ची के साथ किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने बहला फुसलाकर आठ वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। परिजन जब खोजते हुए बच्ची के पास गए तो आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ छह पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी आठ वर्षीय लड़की शाम को साढ़े चार बजे घर के बाहर खेल रही थी। इस दौरान गांव का ही जीशान उसकी लड़की को बहला फुसलाकर गांव के कच्चे रास्ते की तरफ ले गया। जहां आरोपी ने बच्ची के साथ गलत काम किया। जब उन्हें घर के बाहर से बच्ची गायब मिली तो वह खोजते हुए कच्चे रास्ते की तरफ गए। उन्हें आता देखकर आरोपी जीशान बच्ची को मौके पर छोड़कर भाग गया। जब उन्होंने इस बारे बच्ची से पूछा तो बच्ची ने घटना के बारे में बताया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

### अंबालाः प्लाट की रजिस्ट्री करवाने के नाम पर ठगी

**अंबाला।** ग्रीन सर्कल होम सोसायटी में प्लॉट की रजिस्ट्री के नाम पर अंबाला शहर के काजीवाड़ा की रुचि रानी से धोखाधड़ी हो गई। सेक्टर-9 थाना पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर यादविंद्र मेहरा और जसविंद्र सिंह पर बीएनएस की धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़ित महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी।

## कुरुक्षेत्र की धरा से योग धर्म अब बनेगा युग धर्म : स्वामी रामदेव

# एक लाख से ज्यादा साधक एक साथ योग करके बनाएंगे नया कीर्तिमान

- प्रदेश में 10 लाख से ज्यादा लोग इस दिन अलग- अलग योग कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे
- स्वामी रामदेव ने कहा कि पूरी दुनिया में संदेश गया है कि भारत योग व अध्यात्म की धरा है और सनातन का महातीर्थ है



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र के सभागार में अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव को लेकर आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते योग गुरु स्वामी रामदेव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

योग गुरु स्वामी रामदेव ने कहा कि कुरुक्षेत्र की धरा से योग धर्म अब युग धर्म बनेगा। इस पावन धरा कुरुक्षेत्र में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस धर्म क्षेत्र से योग धर्म की शुरूआत हुई थी, और अब 11वें वर्ष में कुरुक्षेत्र से ही योग धर्म को युग धर्म बनाने का संकल्प लेते हुए एक लाख से ज्यादा योग साधक हिस्सा लेकर योग के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे। हरियाणा प्रदेश में 10 लाख से ज्यादा व्यक्ति इस दिन अलग-अलग योग कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। योग गुरु स्वामी रामदेव रविवार को कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले योग गुरु रामदेव ने करीब 2 घंटे तक योग साधकों के साथ योग किया। इसके उपरांत कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव को लेकर आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में भी हिस्सा लिया। योग गुरु स्वामी रामदेव ने कहा कि पूरी दुनिया में संदेश गया है कि भारत योग व अध्यात्म की धरा है और सनातन का महातीर्थ है। देश का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह खुद योगी है। इतना ही नहीं हमारे देश के 99 प्रतिशत मुख्यमंत्री, विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपालिका, गांव, गरीब, मजदूर से लेकर कृषि, उद्योग और कर्मचारी योग को अपना रहे हैं क्योंकि योग से जीवनशैली अच्छी बनती है। जब जीवनशैली में योग शामिल हो जाता है तब लाइफ स्टाइल डिजीज जैसे बीपी, शुगर, थायराइड, अस्थमा, लिवर, किडनी की समस्याएं दूर हो जाती है। अब तो कैंसर जैसी बीमारियां भी कॉमन होने लगी हैं। योग सब रोगों से हमारी रक्षा करता है और हमें बीमारियों और बुराइयों से बचकर रखता है।

### सीएम नायब सैनी के ऊंचे विचार

योग गुरु स्वामी रामदेव ने कहा कि हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी खुद नायाब हैं, उनके ऊंचे विचार हैं और वह अपनी जीवनशैली में योग को शामिल रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की इस छवि के चलते हरियाणा प्रदेश से यह महा अनुष्ठान, महायज्ञ और महाक्रांति शुरू की जा रही है। योग के क्षेत्र में पूरा विश्व भारत का अनुसरण कर रहा है। पूरे संसार को योग की जरूरत है और हरियाणा प्रदेश का पूरे विश्व में अलग-अलग क्षेत्र में पहले भी डंका बजा हुआ है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया को हमारे पूर्वजों ने योग का दान दिया है, जो पूरी दुनिया के कल्याण का कार्य कर रहा है। ऐसे में सभी को योग के इस महायज्ञ में सहयोग करना चाहिए, क्योंकि यह योग का समय है। जब व्यक्ति योग तत्व से अपनी आत्मा को सर्वोत्तर देखेगा तो वह किसी से भी द्वेष नहीं करेगा।

### तनाव का समाधान केवल योग

योग गुरु स्वामी रामदेव ने कहा कि मनुष्य को फिजिकल, मेंटल, इमोशनल, सोशल, पॉलीटिकल सहित कई प्रकार का तनाव रहता है। इसका समाधान केवल मात्र योग है। योग में व्यक्ति व्यायाम, प्राणायाम, आसन और ध्यान करते हैं, आत्म अनुसरण सीखते हैं। इस योगानुशासन से योग आरंभ होता है और योग में सभी सुखों का कौशल सम्मिलित है। उन्होंने कहा कि योग धर्म मानव धर्म को राष्ट्र धर्म और युग धर्म से जोड़ता है।

### कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

उपायुक्त नेहा सिंह ने पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को शुरू कर दिया है। इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया जाएगा। कार्यक्रम में एक लाख से ज्यादा साधकों के योग करने की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही प्रदेश पर से आने वाले योग साधकों के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं को भी जोड़ा जाएगा। इस मौके पर हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ. जयदीप आर्य, जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा, मुख्य केंद्रीय प्रभारी राकेश मित्तल, स्वामी परमार्थ देव, महिला पतंजलि योग समिति की मुखिया साध्वी देवप्रिया, प्रवक्ता एसके तिजारावाला, पदम सेन, डॉक्टर संदीप गुप्ता, अमर रावीश आदि मौजूद रहे।

## दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

# विदेश भेजने के नाम पर हड़पे 10 लाख 40 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

रादौर की शिव कॉलोनी निवासी तिलक राज को विदेश भेजने के नाम पर उससे 10 लाख 40 हजार रुपए हड़प लिए गए। आरोप विशाल कुमार व शुभम सूद पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शिव कॉलोनी रादौर निवासी तिलक राज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। 2023 में उसकी मुलाकात विशाल कुमार व शुभम सूद के साथ हुई। आरोपियों ने उसे कहा कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। उन्हें वहां पर अच्छा रोजगार दिलाते हैं। तिलकराज ने बताया कि वह आरोपी की बातों में आ गया। आरोपी ने उसे विदेश भेज कर वहां पर रोजगार दिलवाने का झांसा दिया। आरोपियों ने विदेश भेजने के नाम पर उसे 10 लाख 40 हजार रुपये व उसके दस्तावेज ले लिए। आरोपियों ने जल्द ही उसे विदेश भेजने का आश्वासन दिया मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा। जब उसने इस बारे आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर जब उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने पैसे देने से मना कर दिया।

# हवालात से भागने का आरोपी पंजाब से दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र पुलिस ने हवालात से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में थाना कृष्णा गेट की पुलिस टीम ने हवालात से फरार हुए आरोपी इन्द्रजीत सिंह वासी रत्नपालो जिला फतेहगढ़ साहिब पंजाब को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 27 मई शाम को आरोपी इंद्रजीत सिंह वासी रत्नपालो जिला फतेहगढ़ साहिब पंजाब को थाना कृष्णा गेट में दर्ज दुष्कर्म मामले के आरोप में काबू किया गया था। 28 मई को आरोपी को अदालत में पेश किया जाना था तथा आरोपी थाना कृष्णा गेट की हवालात में बन्द था। दिनांक 28 मई को सुबह साढ़े 4 बजे आरोपी बिजली की प्लेट खोलकर उसकी कील से ताला खोलकर हवालात से फरार हो गया था। थाना कृष्णा गेट के मुंशी कर्मबीर सिंह की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

# करनाल में स्नैचिंग गिरोह का पर्दाफाश

## तीसरा आरोपी गिरफ्तार, वारदात में प्रयुक्त बाइक और मोबाइल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल पुलिस ने स्नैचिंग के एक मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कमदल उर्फ कमल, पुत्र प्रेमबिन, निवासी गांव शिवपुरी, जिला रोहतास, बिहार के रूप में हुई है। उसे नमस्ते चौक, करनाल में उप निरीक्षक मोहित कुमार की अध्यक्षता में सीआईए-1 टीम द्वारा नाकाबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल और छीना गया मोबाइल फोन बरामद किया गया है। इस मामले में पहले ही दो आरोपी लाड़ी पुत्र कृष्ण, निवासी गांव डाचर, करनाल, और सौरभ उर्फ बोना पुत्र ब्रह्मपाल, निवासी रावर, करनाल को 16 मार्च 2025 को गिरफ्तार किया जा चुका है। उनकी पूछताछ में खुलासा हुआ था कि कमदल उर्फ कमल भी इस स्नैचिंग में शामिल था। कमदल उर्फ कमल से पूछताछ में पता चला कि वह पहले भी पांच अन्य स्नैचिंग की वारदातों में शामिल रहा है। पुलिस ने उसे 26 मई 2025 को गिरफ्तार कर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। रिमांड अवधि समाप्त होने पर उसे न्यायालय में पेश कर जिला जेल भेजा गया है।



## राजकीय स्कूल में अभिभावकों ने हंगामा किया

- प्राचार्या की शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की

**पानीपत।** पानीपत के गांव सिवाह में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में छात्राओं के परिजनों ने जमकर हंगामा किया। दो छात्राओं को स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र देने पर पिता ने शराब पीकर स्कूल में उपद्रव मचाया। छात्राओं की माताओं ने गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने तक की धमकियां दी। यहां तक कि टीचर्स को सस्पेंड करवाने को कहा। इस मामले में स्कूल प्राचार्य ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। वहीं हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस को दी शिकायत में सिवाह स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्या संतोष ने बताया कि 30 मई को स्कूल में पढ़ने वाली एक छात्रा के पिता संदीप ने शराब पीकर स्कूल में उपद्रव किया। उसने स्टाफ के साथ गाली-गलौज की। यहां तक कि स्टाफ सदस्य नरेंद्र के साथ मारपीट भी की।

## गुरुद्वारा साहिब से वीआईपी कल्चर को किया जाएगा खत्मः जगदीश सिंह झिंडा

# 22 साल के संघर्ष के बाद हरियाणा के गुरुद्वारों की सेवा संभालने को मिली

- हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी हरियाणा में शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने का करेगी काम
- जींद में एक विश्व स्तरीय विश्वविद्यालय स्थापित करने जा रहे हैं जिसका अस्थायी नक्शा हो चुका है तैयार



**करनाल।** पत्रकारों से रूबरू होते हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष बनने के बाद जगदीश सिंह झिंडा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

22 साल के संघर्ष के बाद हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष बनने के बाद जगदीश सिंह झिंडा पहली बार करनाल गुरुद्वारा डेरा कार सेवा पहुंचे और पत्रकारों से बातचीत करते हुए जगदीश सिंह झिंडा ने कहा कि हमने हरियाणा के सिखों के लिए अलग गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बनाने और गुरुद्वारों का प्रबंधन हरियाणा के सिखों को सौंपने के लिए 22 साल तक संघर्ष किया जिसके बाद अब हमें हरियाणा के गुरुद्वारों की सेवा संभाल मिली । हम गुरुद्वारा साहिब से वीआईपी कल्चर को खत्म करेंगे और एक निमाने सेवादार बनकर सेवा करेंगे। हम बहुत भाग्यशाली हैं कि हमें हरियाणा के गुरुद्वारों की देखभाल का जिम्मा दिया गया है। हम यह सेवा अपने तन, मन, धन से करेंगे और निस्वार्थ से नहीं बल्कि एक विनम्र सेवादार के रूप में सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी हरियाणा में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं पर काम करेगी जिसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है और जल्द ही हम जींद जिले में एक विश्व स्तरीय विश्वविद्यालय स्थापित करने जा रहे हैं जिसका अस्थायी नक्शा तैयार हो चुका है। बाकी संगत की सलाह से और हमारे सदस्यों की सलाह से और विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए विशेषज्ञों की सलाह लेकर जल्द ही अंतिम नक्शा तैयार किया जाएगा और इसका काम शुरू कर दिया जाएगा। इस विश्वविद्यालय में सभी प्रकार की शिक्षा दी जाएगी, जिसमें फसल, डेयरी फार्मिंग, सब्जियां, धार्मिक अध्ययन, उच्च शिक्षा, संगीत, गुरबाणी व्याख्या के लिए सभी प्रकार की चेयर स्थापित की जाएंगी। ताकि इस विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने वाले छात्र जो भी शिक्षा चाहते हैं उन्हें मिल सके। उन्होंने कहा कि हम हरियाणा कमेटी द्वारा हरियाणा में और भी कई स्कूल और कॉलेज खोलेंगे ताकि बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके।

## केंचुआ खाद का प्लांट के नाम पर व्यक्ति से हड़पे पांच लाख रुपये

- पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव हरिपुर जाटान निवासी धर्मेंद्र सिंह से केंचुआ खाद का प्लांट लगाने के नाम पर पांच लाख रुपए हड़प लिए गए। आरोप प्रदीप संधू, वरुण अरोड़ा व ललित गोयल पर लगा है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव हरिपुर जाटान निवासी धर्मेंद्र सिंह ने हुड्डा सेक्टर 17 जगाधरी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी मुलाकात फरवरी 2024 में प्रदीप संधू, वरुण अरोड़ा व ललित गोयल के साथ हुई थी। आरोपियों ने उसे कहा कि वह केंचुआ खाद बनाने वाली कंपनी में काम करते हैं। कंपनी के माध्यम से केंचुआ खाद बनाकर उसे किसानों को सप्लाई किया जाता है। अगर वह केंचुआ खाद बनाने के लिए प्लांट लगाना चाहते हैं तो वह अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। वह आरोपी की बातों में आ गया। आरोपियों ने फरवरी 2024 से जून 2024 के बीच केंचुआ खाद प्लांट लगाने के नाम पर उससे अलग-अलग करके पांच लाख रुपये ले लिए मगर इसके बाद आरोपियों ने केंचुआ खाद का प्लांट नहीं लगवाया। जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जब उसने आरोपियों से अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी उसके साथ बदसलूकी करने लगे और दोबारा पैसे मांगने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**कार्यक्रम** राज्य स्तरीय मेंटर प्रशिक्षण कार्यशाला का दूसरा चरण संपन्न

# अंकगणित को रटने के बजाय बच्चों में कौशल आधारित शिक्षा की ओर अग्रसर करने का प्रशिक्षण दिया गया

- सभी राज्य स्तरीय प्रशिक्षकों को गुणवत्ता पूर्ण प्रशिक्षण देने के लिए किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेसर में राज्य स्तरीय मेंटर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन दिनांक 24 मई से 31 मई के मध्य किया गया। जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से आए मेंटर्स का कक्षा अवलोकन और प्रतिक्रिया देने की क्षमता का विकास किया गया। इस कार्यशाला में मूलभूत साक्षरता और अंकगणित रटन आधारित शिक्षा से बच्चों को कौशल आधारित शिक्षा की ओर अग्रसर करने के लिए मेंटर्स को प्रशिक्षण दिया गया जो कि आगे चलकर अपने विभिन्न जिलों में अध्यापकों को प्रशिक्षित करेंगे। जिला कुरुक्षेत्र के एफ.एल.एन के संयोजक श्री गौतम दत्त ने बताया कि हमारे यहां कुरुक्षेत्र में हरियाणा के विभिन्न जिलों जैसे भिवानी ,फतेहबाद, जींद, कैथल अंबाला,चरखी दादरी, हिसार व कुरुक्षेत्र के प्रथम चरण में 164 व दूसरे चरण में 172 बीआरपी व एबीआरसी को आठ दिवसीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षित किया गया है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सभी मेंटर की कक्षा अवलोकन व प्रतिक्रिया देने की क्षमता को मजबूत करना है व डेटा का उपयोग कर शिक्षण प्रणाली में सुधार लाना है। इस प्रशिक्षण से उनकी एफ.एल.एन शैक्षणिक ढांचे की समझ विकसित होगी। इस अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने बताया कि सभी बीआरपी व एबीआरसी को तीन दिवसीय कक्षा अवलोकन से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी दी गई है जिससे उनकी कार्य क्षमता का विकास होगा जो हमारे विद्यालयों में अध्यापकों को शैक्षणिक सहयोग प्रदान करेंगे। इसके पश्चात पांच दिवसीय कार्यक्रम में उन्हें 2025- 26 के शैक्षणिक वर्ष में कक्षा कक्ष में प्रदान की जाने वाली पुस्तकों में आए बदलाव व कार्य रणनीति बारे प्रदान किया गया जिसके कारण आगे जाकर अध्यापकों की कार्य कुशलता में वृद्धि होगी। इस अवसर पर राज्य स्तरीय प्रशिक्षक समूह के रूप में सतीश रंगा,कोमल रानी, सतीश जांगरा, गुलदीप सिंह, प्रवीण कुमार, नरेंद्र कुमार बाल्यान, बलराज, सत्यवान, वीरेंद्र कुमार, सुशील कुमार, अमनदीप ने मुख्य भूमिका अदा की व सभी को प्रशिक्षित किया।जिला कुरुक्षेत्र की आयोजक कमेटी में प्यारे लाल, अनिल कपूर, मिंटी रोहिला, निशा रानी, प्रमोद कुमार, नीलम, भगवान, नीतू, संजीव रोहिला उपस्थित रहे।

## कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर के समीप हादसा

# स्विफ्ट कार ने बाइकर्स को मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र-पिहोवा मार्ग पर गांव ज्योतिसर के समीप एक स्विफ्ट कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई व मृतक व्यक्ति की पत्नी व बेटी घायल हो गए। हादसे को अंजाम देकर कार चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर मौजूद राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरु कर दी है। मृतक व्यक्ति की पहचान हुकम चंद निवासी सरपंच कॉलोनी के तौर पर हुई है। हादसे में हुकम चंद की पत्नी बीना देवी व बेटी अंशिका घायल हुए है। पुलिस ने इस संदर्भ में मृतक के भाई दीपक की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्जकर उसकी तलाश शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में दीपक ने बताया कि वह शनिवार शाम को ज्योतिसर तीर्थ मोड पर खड़ा था। उसी समय कुरुक्षेत्र साईड से एक स्वीफट कार बहुत तेज रफ्तार व स्पीड में आई जिसको उसका चालक लापरवाही से चलाता हुआ आया और उसके भाई हुक्मचन्द की बाइक में सीधी टक्कर मारी। टक्कर लगते ही उसका भाई व उसका परिवार दूर सड़क पर जा गिर और उसके भाई भाभी दोनों के सिर सड़क में लगे और मेरी भतीजी को भी चोटें आई। एक्सीडेंट में हुक्म चन्द की मौत हो गई और मेरी भाभी को होश नहीं है।

## खबर संक्षेप

### अध्यापक अभ्यास वर्ग का हुआ आयोजन

**करनाल।** हरियाणा । समाज सेवा के क्षेत्र में समर्पित संस्था सेवा भारती हरियाणा प्रदेश, जो वर्ष 1980 से शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन एवं सामाजिक इन चार आयामों के अन्तर्गत कार्य करती है । हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय अध्यापक अध्यापिका अभ्यास वर्ग का आयोजन सफलतापूर्वक किया। इस अभ्यास वर्ग में करनाल, कुरुक्षेत्र, हिसार, अंबाला एवं रोहतक जिलों की लगभग 83 अध्यापिकाओं की सक्रिय भागीदारी रही। प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में प्रांत सह-कोषाध्यक्ष सुरेंद्र गोयल ने सेवा भारती के उद्देश्यों एवं सेवाओं पर प्रकाश डाला।

### पेड़ लगाओ जीवन बचाओ का दिया संदेश

**नीलोखेड़ी।** प्रधान हरविंदर शर्मा की अध्यक्षता में लक्ष्य जनहित सोसाईटी द्वारा वृक्ष संरक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई।कार्यक्रम की शुरुआत पालीटेक्निक चौंक से की गई जिसके तहत लगे पोधों पेड़ों को ट्रेक्टर टेंकर के माध्यम से जल दिया गया तथा उनके साथ लगे खरपतवार की सफाई की गई।ठंडी सड़क,राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा रविदास मन्दिर के पास सम्पूर्ण वृक्षों,पौधों को रखरखाव प्रदान करते सचिव सुनील कटारिया ने कहा कि वृक्षारोपण मानवता के हित में एक सर्वश्रेष्ठ योगदान है हर मनुष्य को पौधे लगाने चाहिए।

## अफसरों ने आमजन की समस्याएं सुनकर दिया समाधान का आश्वासन

# लालुपूरा में रात्रि ठहराव के दौरान पहुंचे एसपी और सीईओ ने जानी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

जिला प्रशासन द्वारा जारी गांवों में रात्रि ठहराव कार्यक्रम के क्रम में शनिवार को घरौंडा विधानसभा के लालुपूरा गांव में रात्रि ठहराव आयोजित किया गया। इस दौरान एसपी गंगाराम पूनिया और सीईओ जिला परिषद एवं कार्यवाहक एडीसी गौरव कुमार ने गांववासियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान सीईओ जिला परिषद गौरव कुमार कहा कि गांव के जो भी पात्र लोग अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत रजिस्ट्रेशन नहीं कर सके हैं, ऐसे लोग 7 जून तक अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इसके लिए नजदीकी सरल केंद्र पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। वहीं एसपी गंगाराम पूनिया ने पुलिस विभाग से जुड़ी समस्याओं को सुना। करनाल के एसपी गंगाराम पूनिया ने पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों को सुना। विभाग से जुड़ी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि लालुपूरा शांतिपूर्ण गांव है। गांव में किसी तरह की कोई समस्या नहीं है। माइनिंग, अवैध नशा से जुड़ी कोई समस्या नहीं है। गांव में आने की यही मकसद है कि यहां से जुड़ी शिकायतों को लेकर सीधे जनता से रूबरू हुआ जा सके ताकि उनकी समस्याओं का पता लग सके। उन्होंने बच्चों को भी अच्छी शिक्षा ग्रहण करके एक कामयाब और नेक इंसान बनने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी देश को सबसे बड़ी मजबूती है। हमारे युवा पढ़-लिखकर, नए-नए स्किल सीखें ताकि कामयाब हो सकें और आगे बढ़ सकें।रात्रि ठहराव के दौरान सरपंच ओमबीर सिंह ने सीईओ जिला परिषद गौरव कुमार का स्वागत किया। इसके उपरांत उन्होंने बारी-बारी से गांववासियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान कुल 35 लोगों ने अपनी समस्याएं रखी। इनमें से कुछ समस्याओं का निवारण मौके पर किया गया जबकि कुछ समस्याओं को संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के लिए दिया गया। इस मौके पर घरौंडा के एसडीएम राजेश सोनी, बीडीपीओ प्रशांत कुमार, जीएम रोडवेज कुलदीप सिंह, आरटीए विजय देशवाल, तहसीलदार रोहताश, एक्सईएन विकास, जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा, जन स्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन, पूर्व सरपंच विकास व अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



घरौंडा। लालुपुरा गांव में रात्रि ठहराव के दौरान मौजूद प्रशासनिक अधिकारी।



घरौंडा। रात्रि ठहराव के दौरान शिविर में मौजूद ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि



घरौंडा। रात्रि ठहराव के दौरान मौजूद पुलिस आफसरों को सम्मानित करते गणमान्य।

### पशु अस्पताल और सीसीटीवी लगाने की मांग

गांव लालपुरा वासियों ने सीईओ जिला परिषद के समक्ष अपनी-अपनी समस्याएं रखी। वहीं सभी गांववासियों ने दो सामूहिक मांग भी उनके समक्ष रखी। इसमें गांव में पशु अस्पताल बनाने और सीसीटीवी लगाने की मांग थी। उन्होंने कहा कि गांव में लगभग हर घर में पशु हैं। ऐसे में पशु के बीमार होने पर बड़ी समस्या का सामना करना पड़ता है। अगर पशु अस्पताल बन जाए तो गांववासियों को काफी सहूलियत मिलेगी। इसके उपरांत उन्होंने सीसीटीवी लगाने की मांग रखी। सीईओ जिला परिषद ने कहा कि इनकी फिजिब्लिटी चैक करवाने के लिए संबंधित विभाग को भेजा जाएगा और शीध्र अति शीघ्र मांगों को पूरा करने की कोशिश भी की जाएगी।



### एंटी करप्शन फाउंडेशन ने डॉ वर्मा को किया सम्मानित

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा शिवसेना के राष्ट्रीय मुख्य समन्वयक, गठबंधन एवं चुनाव ओर विश्व प्रसिद्ध बिजनेस टायकून डॉ अभिषेक वर्मा को अवॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एवं इंटरनेशनल चेयरमैन पवन शर्मा ने डॉ अभिषेक वर्मा को अवॉर्ड ऑफ ऑनर स्मृति चिन्ह भेंट किया।इस अवसर पर डॉ अभिषेक वर्मा ने फाउंडेशन द्वारा अवॉर्ड ऑफ ऑनर सम्मान देने पर आभार व्यक्त करते हुए फाउंडेशन के भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में संपूर्ण भारतवर्ष में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है जिसकी देश को बहुत आवश्यकता है। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि डॉ अभिषेक वर्मा देश की अति सम्माननीय विभूति है जो अपने माता पिता के संस्कार और सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए लाखों जरूरतमंद लोगों की मदद कर रहे हैं।



### श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ को पंचामृत स्नान करवाया

**करनाल।** श्री राम मंदिर सेक्टर आठ में हर रविवार की तरह शिव स्तुति का पाठ किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ को दूध, दही, घी, शक्कर व शहद से पंचामृत स्नान करवाया। भोलेनाथ का फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। बेलपत्र, दुबड़ा, धतूरा व अबीर गुलाल अर्पित किए गए। पंडित हरीश आर्य ने मंत्रोच्चारण के साथ विधिपूर्वक पूजा अर्चना करवाई। वीना सेठ ने लिख दी है जिंदगानी तेरे नाम ओ बांके बिहारी भजन गाया। अनु खट्टर ने ले के राधा नाम मेरा मन झूम उठा भजन गाया। अर्चना ने नाच लो जी जिंदा जिंदा दिल करदा फिर न कहना सत्संग बंद कर ता भजन गाया। अंजु बाला ने हम क्या तुम से कम हैं सांवरिया तुम तो लगाओ आंखों में काजल हम तुम्हें बसाएं अखियों में सांवरिया भजन गाया। सायंकाल में श्री सुंदरकांड का पाठ किया गया। आज श्री रामायण पाठ की शुरूआत की गई जो पूरा महीना चलेगा। इस अवसर पर पूर्व प्रधान अशोक मदान, वेद दुआ, रविंद्र बत्तरा, सीमा बंसल, किरण नागपाल, तरसेम गुप्ता, मुरारी बत्तरा, चंद्र बत्तरा, अनिल छाबड़ा, चंद्र अरोड़ा, साईंदास, राजरानी नागपाल, सीमा, सरोज दुआ, रविंद्र तनेजा व पवन धमीजा मौजूद रहे।

# निगमायुक्त ने सफाई कर्मचारियों व दरोगाओं को दिलाई स्वच्छता शपथ

- 1 से 21 जून तक चलेगा स्वच्छता पखवाड़ा, चलाई जाएंगी अनेक स्वच्छता गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार नगर निगम करनाल ने रविवार से ही स्वच्छता पखवाड़ा की शुरूआत कर दी है। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने निगम कार्यालय के सभागार में सफाई शाखा के अधिकारियों, कर्मचारियों, ट्रीगर मास्टर, मोटीवेटर तथा सफाई दरौगाओं एवं सुपरवाईजरों को स्वच्छता शपथ दिलाई। इस अवसर पर अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार भी मौजूद रहे। निगमायुक्त ने शपथ दिलाई कि हम स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहेंगे और उसके लिए समय देंगे। हर वर्ष 100 घण्टे यानि हर सप्ताह 2 घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करेंगे। न गंदगी करेंगे और न ही किसी को करने देंगे। सबसे पहले स्वयं से, अपने परिवार से, मौहल्ले से, गांव/शहर से एवं कार्यस्थल से इसकी शुरूआत करेंगे। हम सभी गली-गली जाकर स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करेंगे। हम आज जो शपथ ले रहे हैं, वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी करवाएंगे। वे भी हमारी तरह स्वच्छता के लिए 100 घण्टे दें, इसका प्रयास करेंगे। 21 जून तक मनाया जाएगा स्वच्छता पखवाड़ा- निगमायुक्त ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार 1 जून से 21 जून 2025 तक प्रदेशभर में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाएगा।




# भागवत कथा में नरक व स्वर्ग के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

ब्राह्मण धर्मशाला स्थित भगवान परशुराम मंदिर में चल रही भागवत कथा के अंतर्गत आज की कथा में प्रख्यात कथा वाचक पंडित श्री कृष्ण कौशिक जी ने श्रद्धालु भक्तों को नरक के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शास्त्रों के अनुसार नरक कई प्रकार के होते हैं और हर नरक में विभिन्न प्रकार के पाप करने वाले प्राणी जाते हैं। पंडित कौशिक जी ने गरुड़ पुराण और भागवत पुराण का हवाला देते हुए कहा कि नरक की संख्या अनेकों है, लेकिन 28 प्रमुख नरकों का वर्णन ग्रंथों में विस्तारपूर्वक मिलता है। उन्होंने प्रत्येक नरक के नाम, वहाँ मिलने वाले दंड और कौन से पाप के कारण वहाँ जाना पड़ता है, इसका स्पष्ट उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जो मनुष्य दूसरों को पीड़ा देते हैं, छल-कपट करते हैं, व्यभिचार, चोरी, ब्रह्म हत्या, माता-पिता की अवज्ञा, वेदों की निंदा, असत्य भाषण, निर्दोषों को सताना आदि जैसे पाप करते हैं, उन्हें मृत्यु के उपरांत उनके कर्मों के अनुसार विभिन्न नरकों में भेजा जाता है जहाँ उन्हें भयंकर यातनाएँ सहनी पड़ती हैं।



# भाविप कर्ण शाखा का तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर हुआ सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारत विकास परिषद, कर्ण शाखा द्वारा राजकीय उच्च विद्यालय, कुलवेहड़ी में आयोजित तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर विधिवत रूप से ऊर्जा से भरपूर, अत्यंत प्रेरणादायक और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कर्ण शाखा की अध्यक्ष ज्योति चौधरी ने तीन दिवसीय इस बाल संस्कार शिविर की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों ने इस संस्कार शिविर में पूरे जोश और उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा कला, प्राथमिक ज्ञान, संस्कार और आत्मविश्वास के विभिन्न आयामों को आत्मसात किया। ज्योति चौधरी ने बताया कि बाल संस्कार शिविर के प्रथम दिवस का प्रारंभ सेवानिवृत प्रधानाचार्या संतोष आर्य द्वारा हवन-यज्ञ से किया गया, जिसकी पूर्ण व्यवस्था शाखा सदस्य प्रिया द्वारा की गई। हवन यज्ञ में शाखा के सदस्य शिव चुघ और वंदना चुघ ने यजमान के रूप में अपनी भूमिका निभाई। वरिष्ठ समाजसेवी व प्रसिद्ध कलाकार राजीव ओहरी ने बच्चों में रचनात्मक विकास हेतू थर्मोकॉल शीट से अल्फाबेट कटिंग और चित्रकारी करना सिखाया। कार्यकम का मंच संचालन मीनाक्षी और रीतिका ने बहुत ही सुंदर और व्यवस्थित रूप से किया। यहां कपिल अत्रेजा, भाविप हरियाणा उत्तर प्रान्त के वित्त सचिव नीरज गर्ग, प्रणव जावा आदि रहे।



करनाल। भाविप के बाल संस्कार शिविर में मौजूद मुख्य अतिथि व सदस्य।



करनाल। क्षेत्र की समस्याओं को लेकर लोगों से चर्चा करते विधानसभा अध्यक्ष।

### हर समस्या का समाधान निकालना ही लक्ष्यः कल्याण

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष एवं घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने रविवार को अपने निवास स्थान कल्याण फार्म पर आमजन की समस्याएं सुनीं तथा मौके पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है और पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले इस पर कार्य किया जा रहा है। जनता के लिए उनके द्वार 24 घंटे खुले हैं तथा घरौंडा हलके का विकास उनकी प्राथमिकता है। आने वाले समय में न केवल लंबित कार्यों को पूरा कराया जाएगा बल्कि लोगों की जरूरत अनुसार विकास के नए प्रोजेक्ट भी शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं।

# मां भगवती के जागरण के बाद भंडारा लगाया

- गणमान्य लोगों को समिति की ओर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

युवा जागृति सेवा समिति की ओर से सभी नगर वासियों के सहयोग से नौंवा विशाल भगवती जागरण एवं विशाल भंडारे का आयोजित किया गया है। जिसमें श्याम जागरण पार्टी तरावड़ी वाले अपनी मधुर वाणी से मां भगवती की भेंटों का गुणगान किया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि पार्षद प्रतिनिधि लखविन्दर सिंह ढिल्लो ने पूजा अर्चना करके मां की ज्योति का प्रकाश किया। इस अवसर पर श्याम जागरण पार्टी के संचालक श्याम कटारिया ने मां सुन्दर सुन्दर सुनाकर आये हुये श्रद्धालुओं झूमने पर मजबूर कर दिया। चलों बुलावा आया....., मां मेरी भी झोली भर दे आस लेकर आई दरबार पर, की भेटों से समय बांधा। मां का विशाल दरबार व सजावट आकर्षक केन्द्र बनी हुई थी। कार्यक्रम मे शहर से आये नगरपालिका प्रधान विरेन्द्र बंसल, पार्षद नरेश गाबा, पार्षद ओमप्रकाश मल्होत्रा, पार्षद सुरेन्द्र खुराना, पार्षद हरीश मदान, पंजाबी सभा के प्रधान राजीव नारंग, रिंकू बंसल, जयभगवान सीकरी, चरणदेव कामरा सहित शहर के गणमान्य लोगों को समिति की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम से पूर्व शाम को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे सैंकड़ो श्रद्धालुओं भंडारा रूपी प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण मां का दरबार व सुंदर-सुंदर झांकियां देखने योगय थी। इस मौके पर समिति के प्रधान पवन शर्मा, दिलराज शर्मा, लखविन्द्र सिंह ढिल्लो, राजपाल चौधरी, नितेश चौधरी, देसराज खोटियान, चक्षू शर्मा, प्रमोद कुमार, चरण दास, गौरव कुमार, राजू कालड़ा, राजपाल, प्रिंस, कुलदीप राणा, अजीत सिंह मौजूद थे।



तरावड़ी। युवा जागृति सेवा समिति के सदस्य गणमान्य लोगों को सम्मानित करते हुए।



### गायों की पूजा-अर्चना कर हरा चारा खिलाया

**करनाल।** सामाजिक संस्था जेसीआई करनाल गोल्ड की टीम रविवार को श्री कृष्ण गऊशाला जनकपुरी पहुंची। सेवा प्रकल्प के तहत गायों की पूजा अर्चना करने के बाद तरबूज, गुड़,लड्डू, दाल और हरा चारा खिलाया गया। इस सेवा कार्य में महिलाओं और जेजे विंग के बच्चों की विशेष भागीदारी रही। संस्था के मीडिया प्रभारी जेसी अनीश गुप्ता ने कहा कि जो व्यक्ति गऊ माता की सेवा करता है वह भगवान कृष्ण का सच्चा भक्त है। प्रोजेक्ट डायरेक्टर जेसी गौरव मित्तल ने कहा कि गऊ निस्वार्थ भाव से हमें अपना दूध देती है हमें भी जितना हो सके गऊ माता की सेवा करनी चाहिए। श्री कृष्ण गौशाला के कार्यकारी प्रधान डाक्टर एस.के.गोयल ने आए हुए सदस्यों व बच्चों को गाय हग थेरपी की विशेषता व फायदे बताए। इस मौके पर प्रधान प्रमोद बंसल ने कहा कि गाय को हम अपनी मां के रूप में देखते हैं। प्रोजेक्ट एडवाइजर की भूमिका जेसी नवीन गुप्ता ने निभाई। श्रीकृष्ण गौशाला के प्रधान सुनील गुप्ता ने कहा कि गायों की सेवा करने से भगवान का आशीर्वाद मिलता है। यहां संयोजक टिंकू बंसल, प्रधान प्रमोद बंसल, आईपीपी रविनंदन गर्ग, सचिव अजीत बंसल आदि रहे।

# योग दिवस को भव्य रूप से मनाए जाने को लेकर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर मेरा मिशन स्वस्थ भारत के तहत विशेष मीडिया कार्यकारिणी बैठक का आयोजन फव्वारा पार्क सेक्टर 12 में किया गया। योग शिक्षक दिनेश गुलाटी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यकारिणी समिति में उन्होंने कहा कि हरियाणा योग आयोग और आयुष विभाग द्वारा योग कार्यों में मिशन की पूरी तरह से भागीदारी रहेगी। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर सतपाल के निर्देशन में होने वाले योग दिवस को भव्य रूप से मनाए जाने पर चर्चा की गई।मीडिया प्रभारी निधि गुप्ता ने कार्यकारिणी बैठक में सभी सदस्यों को योग दिवस के सफल आयोजन के लिए जिम्मेदारी सौंपते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निधि गुप्ता ने कहा कि संगठन ही संस्था को मजबूत बनाता है और कार्यकारी समिति का गठन होने से हर सदस्य तन मन धन से संस्था को मजबूत बनाने का काम करेगा। बैठक में समिति के सदस्य गोल्डी, लोविशा, मेघना सेठ,रविंद्र सिंगल,सतीश कुमार, शीतल, सुशील कंबोज, करणदीप कौर मौजूद रहे और उन्होंने मिशन की उन्नति और प्रचार प्रसार के लिए सुझाव रखें।



करनाल। योग दिवस की तैयारियों को लेकर चर्चा करते आयोजक।

## अग्रकुल सेवा संस्था की नई कार्यकारिणी ने दायित्व ग्रहण किया

# समारोह में बच्चों की शिक्षा बढ़ाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

अग्रकुल सेवा संस्था की नई कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण समारोह एक निजी क्लब में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में कल्पना चावला मेडिकल कालेज के निदेशक डा. महिंद्र कुमार गर्ग व डा. उमा गर्ग ने शिरकत की। प्रधान विनोद गुप्ता ने पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। उन्होंने बताया कि संरक्षक पद की जिम्मेवारी पदमसेन गुप्ता, शम्मी बंसल, रामकुमार गुप्ता और कृष्ण गर्ग संभालेंगे। नरेश गर्ग निगदू को महासचिव तथा दीपक गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। नरेंद्र गोयल को प्रबंधक, वेद मंगला को सचिव, अंकुर गुप्ता को सह कोषाध्यक्ष व एडवोकेट विक्रांत गुप्ता को लेखा परीक्षक की जिम्मेवारी मिली है। डा. निशा गुप्ता को महिला विंग की प्रधान बनाया गया है। मुख्य अतिथि डा. महिंद्र कुमार गर्ग ने कहा कि अग्रकुल सेवा संस्था पिछले 41 वर्षों से अपने विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से समाज सेवा कर रही है। डा. उमा गर्ग ने समाज में बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने व सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधान विनोद गुप्ता ने आगामी दो वर्षों के लिए टीम का विजन सबके समक्ष रखा। अग्रवाल समाज में विवाह को लेकर आने वाली समस्याओं का हल किया जाएगा। इस अवसर पूर्व प्रधान डा. एस.के गोयल, रामकुमार गुप्ता, शम्मी बंसल, डा. निशा गुप्ता, नरेश गुप्ता, ईश्वर गुप्ता, पंकज गुप्ता, अंकुर गुप्ता, प्रवीण मित्तल, सुनील गुप्ता, देशराज गुप्ता, हेमराज मित्तल व राजिंद्र बंसल आदि मौजूद रहे। कार्यकारिणी में सदस्यों के रूप में ईश्वर चंद गुप्ता, पवन गुप्ता, आशीष मित्तल, प्रदीप गुप्ता, सुरेश जिंदल, सूरज अग्रवाल, संजीव जिंदल, गगन जिंदल, प्रदीप अग्रवाल, हरिप्रकाश गुप्ता, रोशनलाल गुप्ता, बृजलाल गर्ग, विजय कुमार सिंगला, हरबिलास गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।




करनाल। अग्रकुल सेवा संस्था की नई कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण समारोह मौजूद पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### ये है अग्रकुल सेवा संस्था की नई कार्यकारिणी

प्रधान विनोद गुप्ता ने बताया कि वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में प्रवीन मित्तल, रमन बंसल और पंकज गुप्ता कार्य करेंगे। उपाध्यक्ष नरेश चंद गोयल, अमित गुप्ता व गुरदयाल अग्रवाल को बनाया गया है। सलाहकार समिति में देसराज गुप्ता, सत्यपाल बंसल, हेमराज मित्तल, सतीश गोयल, प्रवीन गर्ग, अनिल गर्ग, डा. पीके जैन, घनश्याम गोयल, सुभाष बंसल, रामप्रताप मित्तल, बृजलाल गर्ग, सुनील गुप्ता, पंकज कुमार, प्रवीण मित्तल व प्रवीन सर्राफ को शामिल किया है।

## खबर संक्षेप

### बसपा के जिलाध्यक्ष बने फूल

**पानीपत।** बहुजन समाज पार्टी की मीटिंग महर्षि वाल्मीकि मंदिर तहसील कैंप में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि रामकुमार सालवान प्रदेश महासचिव रहे। बैठक में बसपा जिला यूनिट को भंग किया गया। वहीं प्रदेश महासचिव रामकुमार सालवन की अध्यक्षता में नए संगठन का गठन किया गया। जिसमें फिर से फूल कुमार नंबरदार को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया व जिला प्रभारी रामफल सारसर व राजपत जिला उपाध्यक्ष, शरीफ खान जिला महासचिव, सतीश पांचाल जिला कोषाध्यक्ष, भारत लोहट व राजपाल महाराज को जिला संगठन कार्यालय सचिव लगाया गया है। जबकि सुरेंद्र धनिया को जिला संयोजक बनाया है। इस अवसर पर सतीश शेरपा विधानसभा प्रभारी इसराना, महीपाल चहल, गुरदयाल , बलवान, भूप सिंह, पूजा भाटिया, शीतल, ममता, सोनिया, डायमंड कश्यप, जय भगवान, बलबीर प्रधान, ओमप्रकाश, सतबीर चंदौली, नारायण, अजय , सतीश धनिया, सतीश आदि मौजूद रहे।

### विश्व बाल रक्षा दिवस मनाया

**पानीपत।** श्री सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सनातन वीर दल शिविर के तीसरे दिन विश्व बाल संरक्षण दिवस और विश्व दुग्ध दिवस मनाया गया। अध्यक्षता विद्यालय के प्रधान प्रमोद बंसल ने करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति को विश्व की सबसे प्राचीन और सबसे वैज्ञानिक संस्कृति माना जाता है। सनातन संस्कारों में इन सभी तत्वों की उपासना भी की जाती है। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश शामिल हैं। प्रधान प्रमोद बंसल ने कहा कि भविष्य में जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए भारत का प्रत्येक किसान प्राकृतिक खेती करें, हर नागरिक शाकाहार अपनाएं और पृथ्वी को बचाने में अपना योगदान दें।

### कबीर प्रकटोउत्सव आठ को

**पानीपत।** पानीपत जिला धानक समाज की बैठक पानीपत में हुई। वहीं बैठक का संचालन संस्था के सचिव डॉ.रणधीर मोर ने की। मीटिंग में सदगुरु कबीर साहेब जी के प्रकटोउत्सव के बारे में संस्था के सदस्यों की ड्यूटी लगाई गई। वक्ताओं ने बताया कि 8 जून को प्रातः10 बजे धानक भवन हुड्डा सेक्टर 6 में सतगुरु कबीर साहेब जी की 628वीं जयंती मनाई जाएगी। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, अति विशिष्ट अतिथि महापौर कोमल सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट विशिष्ट अतिथि होंगे।

### जेजेपी पदाधिकारियों का स्वागत किया

**पानीपत।** जेजेपी पार्टी ने पानीपत ग्रामीण से कृष्ण चंदौली, समालखा हलका में सुरेश आटा, इसराना हलका में कप्तान जागलान व पानीपत शहरी में सोहनलाल बठला हलका प्रधान बनाए गए हैं। साथ ही बलराज देशवाल को प्रभारी नियुक्त किया गया। रामनिवास पटवारी और देवेंद्र कादियान ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूल मालाएं पहना कर स्वागत कर बधाई दी। इस अवसर पर पार्टी के प्रेस प्रवक्ता अजय बिंझौल, सतबीर भगत, गुरप्रीत सिंह, संदीप इंदौरा, महाबीर कश्यप, संगीत जोगी, शमशेर डाहर, ओमबीर नौल्था, सुदेश नौल्था, मिनाक्षी चावला व सरिता मोर आदि मौजूद रही।

### सफाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया

**पानीपत।** पानीपत में इंसार बाजार वाल्मीकि मोहल्ला के लोगों ने मोहल्ले में सफाई व्यवस्था न होने के कारण मौजूदा विधायक व नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन व नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वाल्मीकि मोहल्ला के लोग पिछले काफी समय से नारकीय जिंदगी जी रहे हैं। यहां पर सफाई व्यवस्था बिलकुल जीरो है। गर्मियां शुरू हो चुकी हैं और कोरोना फिर से दस्तक दे रहा है उसके बावजूद सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। प्रदर्शन में जितेन्द्र प्रधान, हेमराज, ललित, साहिल, सन्नी, मोहन, सागर, तरूण, विनय, शंकर, कुकू पूर्व प्रधान, तन्नू, गोलू, महेश, भीम, गौरख, हन्नी, प्रकाशो देवी, मंगला देवी व शकुंतला देवी आदि मौजूद रहे।

---

### कैंप का शुभारंभ रविवार को ओउम का झंडा फहराकर किया

# आर्य स्कूल में आर्य वीरों को आत्मरक्षा के लिए दीं लाठियां

■ आत्मरक्षा संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। आर्य वीर दल के कैंप में आर्य वीरों को लाठियां बांटते हुए अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

आर्य सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में आर्यवीर दल का पांच दिवसीय बौद्धिक, शारीरिक और सांस्कारिक प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। कैंप का शुभारंभ रविवार को ओउम का झंडा फहराकर की गई। उसके बाद विद्यालय के प्रधान वीरेंद्र आर्य, प्रबंधक रामपाल जागलान, कोषाध्यक्ष राजेंद्र जागलान व प्रिंसिपल मनीष घनघस ने शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को लाठियां भेंट करते हुये आत्मरक्षा संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं शिविर के प्रशिक्षकर्ताओं द्वारा बच्चों को लाठी चलाना भी सिखाया गया। इस अवसर पर आर्यवीर दल की ओर से राजेश आर्य, अशोक अरोड़ा, आचार्य प्रेमपाल, पंडित अशोक कुमार आर्य, पीटीआई संदीप आर्य व व्यायाम शिक्षक शेखर आर्य आदि उपस्थित रहे। वहीं प्रिंसिपल मनीष घनघस ने कहा कि आर्य वीरों को देश, समाज, मानवता की सेवा करते हुए सत्य की राह पर चलना चाहिए। जो आर्य वीर सत्य की राह पर चलता है वह जीवन में सफल इंसान बनता है। उन्होंने कहा कि आर्य वीर को अपने अंदर सेवा का भाव जागृत करते हुए जरूरतमंद लोगों की तन मन धन से सेवा करनी चाहिए।

---

# कमेरे वर्ग के हित के लिए इनेलो का संघर्ष हमेशा जारी रहेगा : माजरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना



पानीपत। पानीपत के हलका इसराना में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजारा। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय ओमप्रकाश चौटाला ने हमेशा 36 बिरादरी ओर सर्व समाज हित में जन कल्याणकारी योजनाओं पर काम किया ओर जब वह विपक्ष में रहें तो उन्होंने संघर्ष किया ओर आमजन के हकों की लड़ाई लड़ी। यह बात इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने हलका इसराना में इनेलो पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक को सम्बोधित करते हुए कही। वहीं हलका इसराना में 27 पदाधिकारियों की घोषणा करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए रामपाल माजरा ने कहा कि जिन्होंने जीते जी ओमप्रकाश चौटाला जी की बातों को नहीं माना, उनका सम्मान किया नहीं और अब वह फोटो लगाने की बातें करते हैं। वहीं, माजरा ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि स्वार्थ की राजनीति करने वालों को प्रदेश की जनता अच्छी तरह से जानती ओर पहचानती है। उन्होंने कहा कि इनेलो अपने संगठन को मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रही है। इसी कड़ी में आज हल्का इसराना के 27 पदाधिकारी बनाए गए हैं। जिसमें राजेन्द्र कुराना को अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा.रोहित, उपाध्यक्ष भूपेंद्र घनघस, रमेश पुठर, सन्नी शाहपुर, नीरज पुठर, रमेश कारद, संदीप दहिया, तेजबीर, प्रधान महासचिव डा.जगबीर सिंह, महासचिव मंजीत, सतपाल, वजीर, जगदीश, शेर सिंह, सतबीर शर्मा उर्फ काला, संगठन सचिव सुलतान, सचिव दीपचंद उर्फ जीपा, राजेश उर्फ काला, सुलतान सिंह, सत्यवान, सुदेश, नीरज वर्मा व प्रवीण कुण्डू, कोषाध्यक्ष रविन्द्र उर्फ काला, मीडिया प्रभारी रवि व कार्यालय सचिव सुरेश जागलान को बनाया गया है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कुलदीप राठी, लखपत रोड़ अलुपुर आदि उपस्थित रहे। वहीं, इनेलो प्रदेश अध्यक्ष रामपाल सिंह माजरा का पदाधिकारियों समेत डॉ.नवीन नैन भालसी ने स्वागत किया। इस दौरान इनेलो चौ. रामपाल सिंह माजरा व डॉ.नवीन नैन भालसी से इनेलो के बहुत ही पुराने व अपाहिज साथी स्पेशल तौर पर मिले। जिसमें प्रवेश कुण्डू गांव बजेवा आदि शामिल रहे। बता दें कि प्रवेश कुण्डू पेरों से अपाहिज होने के बावजूद भी पार्टी की सभी मीटिंगों में पहुंचते व सहयोग करते हैं। रामपाल माजरा ने कहा कि इनेलो की खास बात शुरू से रही है पार्टी का कार्यकर्ता जान से प्यारा है। कमेरे वर्ग के हित के लिए इनेलो का संघर्ष हमेशा जारी रहेगा।

---

*धीरज कपूर वर्ष 1887 में रेलवे में भर्ती हुए*

# पानीपत रेलवे स्टेशन अधीक्षक धीरज कपूर हुए सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत । सेवानिवृति पर धीरज कपूर को सम्मानित करते साथीगण। फोटो : हरिभूमि

रेलवे स्टेशन पानीपत के स्टेशन अधीक्षक धीरज कपूर आज सेवानिवृत हो गए। अब इनके स्थान पर उप स्टेशन अधीक्षक रमेश कार्यभार संभालेंगे। 38 साल तक बेदाग सेवाएं देने वाले धीरज कपूर वर्ष 1887 में रेलवे में भर्ती हुए। वर्ष 1988 से 2000 तक बाबरपुर रेलवे स्टेशन, 2008 से 2022 तक रेल भवन के विजिलेंस शाखा और 2008 से 2022 तक पानीपत रेलवे स्टेशन, 2022 से 2024 तक कुरुक्षेत्र ट्रेनिंग सेंटर और फिर फरवरी 2024 तक मई 2025 तक पानीपत रेलवे स्टेशन पर बतौर स्टेशन अधीक्षक के रूप में काम किया। रिटायरमेंट पार्टी का आयोजन एसएस कार्यालय में करके धीरज कपूर को विदाई दी गई। इस दौरान अनूप कुमार, सीएमआइ मुकेश कुमार, आरपीएफ के दिनेश मीणा, एसएसई संदीप कल्याण, पीडब्ल्यूआई अजीत कुमार, एसएसई रमेश शर्मा, चयन सिंह, लोको इंस्पेक्टर सुनील कुमार, सीएमआई कुरुक्षेत्र विनोद, रिजर्वेशन राज कुमार आदि उपस्थित रहे।

---

# दुनिया में ताकतवर देश के रूप में स्थापित हुआ भारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



पानीपत । भारत विकास परिषद समालखा शाखा का दायित्व ग्रहण के समारोह में मां भारती का पूजन करते हुए अथितिगण। फोटो : हरिभूमि

भारत विकास परिषद समालखा शाखा का दायित्व ग्रहण एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन समालखा के एक होटल में बड़े हर्ष और उत्साह से किया गया। वहीं भारत विकास परिषद समालखा शाखा के सचिव कुलभूषण अरोड़ा ने बताया कि शनिवार की रात्रि यह समारोह हुआ। जिसमें गो सेवा गतिविधि हरियाणा प्रांत के संयोजक महेंद्र कंसल मुख्य अतिथि रहे।

भारत विकास परिषद हरियाणा के प्रांतीय उपाध्यक्ष योगेश कौशिक कार्यक्रम अध्यक्ष रहे। उन्होंने नए पदाधिकारी अध्यक्ष आनंद प्रकाश आर्य, सचिव कुलभूषण अरोड़ा, कोषाध्यक्ष सुनील मित्तल को दायित्व ग्रहण की शपथ दिलाई। भारत विकास परिषद समालखा शाखा के संरक्षक राजीव गुप्ता ने नए सदस्यों को शपथ दिलवाई, नए सदस्यों में डीएवी स्कूल समालखा की प्रिंसिपल भव्या शर्मा, वीरेंद्र कुमार, सुशील कुमार, सत्यदेव कौशिक, अंकित शर्मा, प्रदीप दुहन, नवीन मित्तल और अध्यापिका आशा वर्मा ने शपथ ली।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि महेंद्र कंसल ने अपने संबोधन में बताया कि अब भारत पूरे संसार में शानदार प्रदर्शन कर रहा है। शिक्षा, चिकित्सा, टेक्नोलॉजी, आईटी सेक्टर या मल्टीनेशनल कंपनियां हो, विदेशों में भी भारतीय परचम फहरा रहे हैं।

इस अवसर पर अमृत चौधरी, राजीव गुप्ता, राजकुमार बजाज, विकास साहू, संगीता सेठी, रवि सचदेवा, आनंद शरण, सर्वजीत बंसल, प्रवीण गुप्ता, पंकज, अंजलि अरोड़ा जैन, रेनु मितल, रेखा गोयल, अशोक कुमार, रमेश मित्तल, तेजस चोपड़ा, जाह्नवी वर्मा, दीपक बंसल आदि भी मौजूद थे

---



पानीपत । ईश कुमार राणा को सम्मानित करते हुए बेला भाटिया व अन्य।

### एक राष्ट्र एक चुनाव का आर्य संस्थाओं ने किया समर्थन

**पानीपत।** आर्य समाज सदैव राष्ट्र हित में आगे रहा है। गोरक्षा आंदोलन हो या हिंदी सत्याग्रह इन सब में आर्य समाज ने अहम भूमिका निभाई है। अब राष्ट्र को एक राष्ट्र एक चुनाव की जरूरत है। ये शब्द आर्य समाज हुडा के प्रधान सुरेश मलिक एवं आर्य केंद्रीय सभा के प्रधान आत्म आर्य ने कहे। आर्य केंद्रीय सभा की कार्यकर्ता प्रधान बेला भाटिया ने आर्य समाज हुडा में एक राष्ट्र. एक चुनाव विषय पर आयोजित एक संगोष्ठी में कहा कि आर्य संस्थाएं इस राष्ट्रीय हित के कार्य में अपना पूरा योगदान दे रही हैं और इस का पुर जोर समर्थन करती हैं। संगोष्ठी में आर्य केंद्रीय सभा कि ओर से बेला भाटिया, आत्म बरेजा, आर्य समाज हुडा की ओर से मन्त्री केआर छौक्कर, महिला समाज की प्रधान शारदा बरेजा तथा स्वास्थ्यम योग की ओर से डा.मनु देव ने एक राष्ट्र -एक चुनाव के पक्ष में विभाग संयोजक डा.राजबीर आर्य एवं जिला संयोजक ईश कुमार राणा को राष्ट्रपति के नाम प्रस्ताव सौंपा। संगोष्ठी मे ईश कुमार राणा को आर्य समाज मे उल्लेखनीय सेवाओं के लिये स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

---

# स्वैट बॉक्स क्रिकेट क्लब दिल्ली ने गढ़ी केसरी टीम को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना



पानीपत । विजेताओं को पुरस्कृत करते आयोजक व अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

डीआर इंटरनेशनल स्कूल क्रिकेट मैदान काकोदा रविवार को गुरूकुल दर्पण 60 क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत खेले गये मैच में स्वैट बॉक्स क्रिकेट क्लब दिल्ली ने गढ़ी केसरी टीम को 4 विकेट से हराकर अपना लगातार दूसरा मैच जीता। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गढ़ी केसरी टीम 20 ओवर में 128 रन ही बना सकी। मनोज पांचाल ने 28 व हर्ष ने 22 रनों का योगदान दिया। स्वैट बॉक्स टीम के लिये अर्जुन ने 3 व आयुष ने 2 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्वैट बॉक्स टीम ने 17 ओवर में 6 विकेट पर 129 रन बनाकर मैच जीत लिया। आसिम साहिल ने 46 व हिमांश राजपूत ने 25 रन बनाये, मनोज पांचाल ने 3 विकेट लिये। 33 गेंदों में 3 चौके व 3 छक्कों के साथ 46 रन और एक विकेट लेने वाले आसिम साहिल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस अवसर पर डीआर संस्था के चेयरमैन कपिल भारद्वाज, गुरूकुल दर्पण 60 कोचिंग सेंटर के चेयरमैन पवन लठवाल, दीपक मलिक, अमित, सुमित व जयबीर आदि मौजूद रहे।

---



पानीपत। समालखा में नगर खेडा का पूजन करते हुए श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

### समालखा के नगर खेडा पर यज्ञ कर भंडारा लगाया

**समालखा।** समालखा गांव में नगर खेड़ा सेवा समिति की ओर से समस्त कालीरामणा पाना द्वारा हर वर्ष की भांति रविवार को नगर खेड़ा पर हवन व भंडारे का आयोजन किया गया।इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने आहुतियां डालकर पुण्य का लाभ लिया। दोपहर को भंडारे का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति आज पूरे कालिरामणा पाना की ओर से दादा खेड़ा पर हवन करने के बाद भजन किया गया। उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख समाज सेवी राजकुमार कालीरमण ने कहा कि गांव दादा खेड़ा की असीम कृपा से बसा हुआ है। हम समस्त गांव वासी दादा खेड़ा का सम्मान करते है। इस मौके पर विकास पटवारी, राजकुमार कालीरमण, धर्मेन्द्र, जोगिन्द्र, मनोज रमन, परवेश, पवन रमन, रविंदर, विक्रम पूर्व एमसी, संदीप, अमित, रामपाल, रमेश, केवल, कृष्ण, ईश्वर एएसआई, नवीन, गुलाब, आनंद मास्टर, अरविंद, नरेश, भोली, राकेश, धर्मन डेर, ताराचंद, बलराज, जितेंद्र, अंकुश, मेहर सिंह, परवीन, रवि आदि उपस्थित रहे।

---

# रिफाइनरी में लगेगा ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन संयंत्र

■ यह अब तक का भारत का सबसे बड़ा ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए पानीपत रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में 10,000 टन प्रति वर्ष क्षमता वाला ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन संयंत्र स्थापित करने की घोषणा की है। यह अब तक का भारत का सबसे बड़ा ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट होगा। कंपनी ने को बताया कि इस परियोजना के लिए लेवलाइज्ड कॉस्ट ऑफ हाइड्रोजन (एलसीओएच) को अंतिम रूप दे दिया गया है। इस संयंत्र का उद्घाटन दिसंबर सन् 2027 तक प्रस्तावित है, और इसके चालू होते ही रिफाइनरी में प्रयोग हो रहे जीवाश्म ईंधन आधारित हाइड्रोजन को ग्रीन हाइड्रोजन से प्रतिस्थापित कर दिया जाएगा। इससे कार्बन उत्सर्जन में भारी कमी आने की उम्मीद है। दूसरी ओर, इंडियन ऑयल के चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी ने बताया कि वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम वर्ष 2025, डावोस (स्विट्जरलैंड) में मीडिया से बातचीत में बताया, "ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट अब सक्रिय प्रक्रिया में है। हमें इसके लिए बहुत अच्छे बोली लगाने वाले मिले हैं। टेंडर मूल्यांकन के अंतिम चरण में हैं और एक महीने के भीतर कार्यादेश दे दिया जाएगा। दो वर्षों में यह संयंत्र चालू हो जाएगा। यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के तहत है और इंडियन ऑयल की 'नेट जीरो' रणनीति का अहम हिस्सा है। इससे न केवल कंपनी की पर्यावरणीय जिम्मेदारी स्पष्ट होती है, बल्कि यह भारत की हरित ऊर्जा क्रांति की दिशा में भी एक निर्णायक कदम है। वहीं, ग्रीन हाइड्रोजन को पारंपरिक हाइड्रोजन की तुलना में कहीं अधिक पर्यावरण के अनुकूल माना जाता है। क्योंकि इसे जल और नवीकरणीय ऊर्जा के जरिए उत्पन्न किया जाता है, जिससे ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन शून्य के करीब होता है।

---

### कला का प्रशिक्षण दिया

**पानीपत।** ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में माता सीता रानी सेवा संस्था के मुख्यालय में प्रसिद्ध चित्रकार शिव वाणी द्वारा एक विशेष कला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस ग्रीष्मकालीन शिविर में लड़कियों को टाई एंड डाई, मधुबनी आर्ट, लिप्पन आर्ट, कैनवास पेंटिंग और क्ले मॉडलिंग जैसे पारंपरिक और रचनात्मक कला रूपों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

---



प्रजापति कुम्हार महासभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते सदस्य।

# प्रजापति समाज अपने बच्चों को शिक्षित करें: सत्यवान

■ प्रजापति कुम्हार महासभा के प्रधान सत्यवान व महासचिव बने महाबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

प्रजापति कुम्हार महासभा पानीपत की जिला कार्यकारिणी का चुनाव रविवार सर्वसम्मति से हुआ। जिसके लिए चुनाव कमेटी में सूरत सिंह बावलिया को चुनाव अधिकारी व भीम सिंह व राकेश कुमार को चुनाव सदस्य बनाया गया था। जिसमें सर्वसम्मति से प्रधान सत्यवान काबड़ी, उप प्रधान आदेश कुमार, महासचिव महावीर बावलिया, सह सचिव रणधीर सिंह, कोषाध्यक्ष रामनिवास, प्रेस सचिव मोहन लाल प्रजापति, कार्यकारिणी सदस्य सत्य प्रकाश, रामनिवास परढाना, बलजीत सिंह मतलौडा, कृष्ण मास्टर, विनोद कुमार गोला, रामशरण सोदापुर को बनाया गया है। वहीं अपनी नियुक्ति पर कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने महासभा के सदस्यों एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों का धन्यवाद किया तथा विश्वास दिलाया कि जिस उद्देश्य के लिए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है वह उसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से पूरी करेंगे। वह संगठन की मजबूती के लिए दिन रात मेहनत को प्राथमिकता देंगे प्रजापति समाज अपने बच्चों को शिक्षित करें। तथा समाज को जागरूक करने तथा साधनहीन बच्चों को पढ़ाने में भरपूर सहयोग देंगे। इस अवसर पर रमेश चंद ममोडिया, पूर्व प्रधान गोपीराम, धर्मपाल, ईश्वर सिंह, रामफल नूरवाला, हवा सिंह, महेंद्र सिंह बत्रा कॉलोनी, ओम प्रकाश अंसल, राजेश कुमार पंवार, बलबीर सिंह, डा. आनंद, रोहतास दुजानिया व बीजा कारद आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

---

### श्री राम धर्मशाला में 10 दिवसीय बाल संस्कार चेतना शिविर का शुभारंभ

# बच्चों को सनातन संस्कृति का ज्ञान आवश्यक

■ अतिथियों का पटका व फूल मालाओं से स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत । श्री राम सेवा दल के कार्यक्रम में हरपाल ढांडा को सम्मानित करते हुए

श्री राम सेवा दल, नूरवाला द्वारा दूसरा निःशुल्क बाल संस्कार चेतना शिविर अभिनन्दन समारोह श्री राम धर्मशाला नूरवाला में रविवार को शुरू किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा, मेयर कोमल सैनी, विशिष्ठ अतिथि पार्षद अनिता परूथी ने किया। हरपाल ढांडा ने कहा कि बच्चों में भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों के प्रति शिविर के माध्यम से प्रेरित करना बहुत ही सराहनीय कार्य है। श्री राम सेवा दल ने जो यह दस दिवसीय शिविर लगाया है। उसमें जहां बच्चों को प्र्यावरण जागरूकता, मनोरंजक खेल एवं मेंहदी आर्ट एण्ड क्राफ्ट सिखने के भी अवसर मिलेंगे। इस अवसर पर श्री राम सेवा दल के प्रधान हरबंस आनंद, यूथ विंग के प्रधान अविनाश पुनानी व महिला विंग की प्रधान पायल वधवा के अलावा तिलक राज छौक्करा, राम स्वरूप चावला, कृष्ण मल्होत्रा, सुंदर लाल वधवा, राकेश आंनद, पूर्ण ईश पुनानी, सुभाष पुनानी, गौरव छौक्करा, दीपक वधवा, पुनीत छौक्करा, राजन छौक्करा, काजल आंनद, नेहा पुनानी, कालू वधवा, गीतांजली, ज्योति आनंद, सिमरन पूनानी, वंदना छौक्करा, हिमानी खुराना, गरिमा नवीन, प्रीति सपड़ा, प्रीति शर्मा, दामिनी दूमड़ा आदि मौजूद रहे। अतिथियों का पटका व फूल मालाओं से स्वागत किया गया। वहीं मंच संचालन भूषण मदान ने किया।

## खबर संक्षेप

### प्रदान किए जाएंगे राज्य पुरस्कार

**अंबाला।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सुरजीत कौर ने बताया कि नशामुक्ति के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए सर्वश्रेष्ठ व्यक्तियों/ संस्थानों, नशामुक्ति केंद्रों को वर्ष 2025-26 के लिए राज्य पुरस्कार प्रदान किए जाने हैं। इस संबध में 10 जून 2025 तक पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। बता दें कि इससे पहले भी 24 मई 2025 से 2 जून तक आवेदन देने के लिए समाचार पत्रों में भी विज्ञापन प्रकाशित किया जा चुका है।

### स्नातक के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू

**अंबाला।** हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग के सौजन्य से शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए जिले के सभी राजकीय एवं गैर-राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक में दाखिले की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। जिला उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. खुशिला ने बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं दिनांक 9 जून 2025 तक विभाग के ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। डीएचईओ ने जिले के समस्त पात्र एवं इच्छुक विद्यार्थियों से अपील की है कि वे समय पर पोर्टल पर पंजीकरण कर अपनी पसंद के कॉलेज में दाखिला सुनिश्चित करें।

### अभियान के तहत किसानों से किया संपर्क

**अंबाला।** निदेशक अटारी जोधपुर डॉ. जेपी मिश्रा ने विकसित संकल्प अभियान के अंतर्गत बिहटा गांव में किसानों से सीधा संपर्क किया। इस अभियान के उद्देश्य के बारे में बताया। केवीके प्रभारी डॉ. उपासना सिंह, अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. रमेश कुमार, राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान से डॉ. नरेश सेलूकर एवं डॉ. हीना शर्मा एवं केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, करनाल से डॉ. अनीता मान, कृषि विभाग के डॉ. अभिषेक, डॉ. रोहित कुमार, बागवानी विभाग से शिवम्, वी दर्शन ने निदेशक महोदय का स्वागत किया।

### दिनदहाड़े घर से गैस सिलेंडर चोरी

**मुलाना।** गांव मुलाना में एक महिला के घर से दिनदहाड़े रसोई का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर चोरी कर लिया गया। महिला ने गांव के ही एक युवक पर चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी है, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मुलाना की उषा रानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 29 मई को सुबह करीब 11 बजे किसी निजी कार्य से मुलाना बाजार गई थी। जब वह शाम 4 बजे वापस अपने घर लौटी तो उसने देखा कि उसकी रसोई का ताला टूटा हुआ था। रसोई से गैस सिलेंडर गायब था।

### 45 युवाओं ने किया रक्तदान

**अंबाला।** रविवार को, शहीद-ए-आज़म भगत सिंह सेवा ट्रस्ट ने गांव बहबलपुर में 16 वें रक्त दान शिविर का आयोजन किया। इसमें लगभग 45 युवाओं ने रक्तदान किया। अंबाला शहर के संजीवनी रक्त केंद्र द्वारा शिविर में रक्त एकत्र किया गया। ट्रस्ट ने अनुभवी डॉक्टरों की मदद ली है जिन्होंने पूरी प्रक्रिया के माध्यम से दाताओं को शांति से निर्देशित किया, कई दाताओं ने प्रतिज्ञा की कि वे अब से नियमित रूप से रक्त दान करेंगे।

### सायरन बजते ही हरकत में आए सिविल डिफेंस के वालंटियर्स, घायलों को अस्पताल में पहुंचाने की रिहर्सल की

# आपरेशन शील्ड को लेकर प्रशासन की ओर से ट्विन सिटी में आयोजित की मॉक ड्रिल

**उपायुक्त कार्यालय में हवाई हमले व भवन में आगजनी की घटना की मॉक ड्रिल करवाई गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। ऑपरेशन शील्ड को लेकर हुई मॉक ड्रिल का दृश्य।





ऑपरेशन शील्ड को लेकर जिले में दो स्थानों पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। अंबाला शहर में उपायुक्त कार्यालय में तथा अम्बाला छावनी में फुटबाल स्टेडियम के नजदीक स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में यह मॉक ड्रिल हुई। इस मौके पर एडीसी डा. ब्रहमजीत, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, डीएसपी रजत गुलिया, डीएसपी विजय कुमार मौजूद रहे।

इससे पहले पुलिस लाइन परिसर में एसडीआरएफ, गृहरक्षी, हरियाणा पुलिस, एनसीसी कैडेट्स, सिविल डिफेंस की टीम ने पंजीकृत स्वयंसेवकों को आपदा के समय कैसे बचाव किया जा सकता है। उसके प्रशिक्षण देते हुए महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। उपायुक्त कार्यालय में हवाई हमले व भवन में आगजनी की घटना की मॉक ड्रिल करवाई गई। सायरन बजते ही फायर विभाग की टीम मौके पर पहुंची। उसके उपरांत एसडीआरएफ, स्वास्थ्य विभाग, एनसीसी कैडेट्स, पुलिस व सिविल डिफेंस के वालंटियर्स ने आपदा में घायल लोगों को रेस्क्यू करते हुए प्राथमिक उपचार देते हुए उन्हें एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल की ओर रवाना किया गया। इसी प्रकार भवन में आगजनी की घटना के तहत भी संबंधित टीमों ने मौके पर रेस्क्यू करते हुए घायल व्यक्तियों को निकालने की रिहर्सल की। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सिविल अस्पताल भेजा गया इसकी भी बेहतर मॉक ड्रिल की गई।

इसी प्रकार अंबाला छावनी फुटबाल स्टेडियम के पास स्पोर्ट्स होस्टल में भी हुई आपदा के तहत एसडीआरएफ, गृहरक्षी, हरियाणा पुलिस, एनसीसी कैडेट्स, सिविल डिफेंस की टीमों ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू की रिहर्सल की। यहां पर भी घायल व्यक्तियों को उपचार देते हुए एंबुलेंस के माध्यम से सिविल अस्पताल के लिए रवाना किया गया।

बता दें कि इससे पहले अंबाला छावनी के एसडी कॉलेज में सिविल डिफेंस के पंजीकृत स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण देते हुए महत्वपूर्ण जानकारी दी गई ताकि आपदा के समय कैसे बचाव किया जा सकता है। एडीसी डा. ब्रह्मजीत सिंह ने बताया कि दोनों जगहों पर बेहतर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है। टीमों ने रिस्पांस करते हुए घटना में घायल लोगों को कैसे सुरक्षित बाहर निकाला जा सकता है और उन्हें प्राथमिक उपचार देकर सिविल अस्पताल के लिए रवाना किया गया।

सरकार के दिशा-निर्देशानुसार मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है ताकि यदि कोई भी आपदा आती है तो उस समय हम कैसे सावधानी बरत सकते हैं। इस मौके पर डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, सिविल डिफेंस से सतीश कुमार, फायर ऑफिसर, स्वास्थ्य विभाग, एसडीआरएफ, गृहरक्षी, फायर विभाग, पुलिस विभाग के साथ-साथ अन्य सहयोगी भी मौजूद रहे। उधर ऑपरेशन शील्ड को लेकर अंबाला छावनी में एसडीएम विनेश कुमार की अध्यक्षता में फुटबाल स्टेडियम के नजदीक स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में मॉक ड्रिल की गई।

**ये रहे मौजूद**

मौके पर नायब तहसीलदार सुनील कुमार, जिला खेल अधिकारी राजबीर के साथ-साथ टीमों के इंचार्ज भी मौजूद रहे।

एसडीएम ने बताया कि मॉक ड्रिल का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य यही था कि यदि कोई भी आपदा आती है तो उस समय बचाव राहत टीमें किस प्रकार से समय रहते कार्य करती है।

## मजदूरों से जबरन काम करवाने की कोशिश, विरोध करने पर हमला

- हमले में बुजुर्ग पिता के बेटा भी जख्मी, पुलिस ने दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

खेत पर काम कर रहे मजदूरों से जबरन काम करवाने के प्रयास में एक किसान और उसके दो बेटों पर हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित राजेंद्र सिंह (उम्र 67) ने बताया कि उन्होंने 20 मई को खेत में काम के लिए बिहार से 8 मजदूर बुलाए थे। उन्हें अपने ट्यूबवेल पर ठहराया था। यह ट्यूबवेल उनका व उनके भाई रणजीत सिंह का सांझे का है। यह करीब एक साल से उपयोग में नहीं था। आरोप है कि 31 मई की रात करीब 11 बजे गांव के ही आरोपी जगतार सिंह और गुरप्रीत सिंह वहां पहुंच गए। मजदूरों को धमकाते हुए कहा कि सुबह उनका काम पहले करना होगा अन्यथा ठिकाना खाली करना पड़ेगा। राजेंद्र सिंह ने बताया कि जब उनका बेटा हरदीप सिंह आरोपियों से बात करने के लिए फोन पर संपर्क किया तो थोड़ी देर बाद दोनों आरोपी हाथों में गंडासी लेकर ट्यूबवेल पर पहुंच गए। उन पर आरोपियों ने हमला कर दिया। गुरप्रीत ने गंडासी से हरदीप की कमर पर वार किया जबकि जगतार ने प्रदीप के हाथ और सिर पर हमला किया। बीच-बचाव करने आए राजेंद्र सिंह के सिर और शरीर पर भी वार किया गया जिससे वे जख्मी हो गए। घटना के बाद शोर सुनकर मजदूरों ने आरोपियों को मौके से भागने पर मजबूर किया। दोनों जाते-जाते जान से मारने की धमकी दे गए। घायलों को मुलाना सीएचसी में भर्ती करवाया गया। यहां से उन्हें अम्बाला कैंट रेफर कर दिया गया। मेडिकल में चोटों की पुष्टि हुई है। पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## स्कूल से लौट रहे छात्र के साथ मारपीट धमकी देने पर चार युवकों पर केस दर्ज

**मुलाना।** गांव धनौरी में एक किशोर छात्र के साथ मारपीट, गाली-गलौच और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार राकेश कुमार वासी गांव धनौरी ने उप पुलिस अधीक्षकको दी शिकायत में बताया कि उसका 17 वर्षीय भतीजा मनिंद्र सिंह 17 मई को दोपहर करीब ढ़ाई बजे अपने दोस्त राजन कुमार के साथ सरकारी स्कूल धनौरी से घर लौट रहा था। रास्ते में गांव के ही जतिन, जोहर सिंह, निगम और साहिल ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने मनिंद्र के साथ गाली-गलौच की और थप्पड़ मुक्कों से मारपीट करते हुए चोटें पहुंचाईं। राकेश कुमार के अनुसार आरोपियों ने जाते-जाते मनिंद्र को जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में पीड़ित पक्ष ने पहले आपसी पंचायती समझौते की कोशिश की लेकिन सहमति न बनने पर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद जतिन, जोहर सिंह, निगम और साहिल के खिलाफ बीएनएस की धाराओं 115, 126(2), 3(5), और 351(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# तेज हवाओं के कारण 80 फीडरों से बिजली ठप, कई घंटे बाद हुई सुचारू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- बिजली ठप होने से कई इलाकों में बिजली व पेयजल का हुआ संकट
- हवा के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली
- बिजली निगम ने तेजी दिखाते हुए रात 8 :30 बजे तक 70 से ज्यादा फीडरों को ठीक कर बिजली की सप्लाई शुरू की

तेज आंधी की वजह से गुल हुई बिजली कई घंटे के बाद सुचारू हो गई। इसकी वजह से लोगों को बेहद दिक्कत हुई। हालांकि हवा के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली। तेज हवाओं के कारण जिले के बिजली निगम के 80 फीडर ठप हो गए। बिजली न होने से लोगों के रोजमर्रा के काम भी प्रभावित हुए।

इसके अलावा पेयजल संकट भी पैदा हो गया आंधी और बूंदाबांदी ने एक तरफ तो गर्मी से राहत देने का काम किया। दूसरी तरफ हल्की आंधी में ही बिजली निगम के 80 फीडर प्रभावित हो गए। इस दौरान अंबाला सिटी, छावनी व ग्रामीण क्षेत्रों में साढ़े तीन घंटे तक बिजली प्रभावित रही। आंधी के दौरान अधिक नुकसान नहीं हुआ। बिजली निगम ने तेजी दिखाते हुए रात 8:30 बजे तक 70 से ज्यादा फीडरों को ठीक कर बिजली की सप्लाई शुरू की। रविवार सुबह तक सभी फीडरों को सामान्य कर दिया गया है। अंबाला शहर के बलदेव नगर, मॉडल टाउन, जंडली, कपड़ा बाजार, सेक्टर 7, 8, 9 आदि में बिजली काफी प्रभावित रही। वहीं, बिजली गुल होने से पेयजल के लिए भी संकट खड़ा हो गया। लोगों के घरों में रखे इनवर्टर भी जवाब दे गए। इस दौरान जंडली निवासी महेश कुमार ने कहा कि बिजली विभाग को मौसम को देखते हुए तैयारी पूरी रखनी चाहिए। जैसे ही आंधी खत्म हो तुरंत ही लाइट को सुचारु कर दिया जाना चाहिए।

# नशे के खिलाफ छात्रों को किया जागरुक, दिलवाई शपथ

- हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से नशे के खिलाफ चलाया जा रहा है अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। छात्रों को नशे के खिलाफ जागरुक करते अधिकारी।

हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के की ओर से नशा तस्करों के खिलाफ निरंतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इसको लेकर जारुकता शिविरों का भी आयोजन किया जा रहा है। राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए हरियाणा सरकार व नारकोटिक्स विभाग दृढ़ संकल्पित और निरंतर प्रयासरत है।

इसी क्रम में ब्यूरो की यूनिट अंबाला द्वारा जिले के आकाश इंस्टीट्यूट में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। यूनिट के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर फूल कुमार ने ब्रांच मैनेजर प्रकाश ठाकुर व सद्दाम खान के साथ मिलकर कार्यक्रम मे शामिल अध्यापकों, विधयार्थियों व अन्य स्टाफ को नशे के दुष्परिणाम के बारे मे अवगत करवाया गया। साथ ही नशा नहीं करने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा की नशा एक सामाजिक कुरीति है तथा हम सभी को मिलकर इसे खत्म करना है। नशा सामाजिक, पारिवारिक और व्यक्तिगत जीवन को बर्बाद कर देता है। इसकी लत व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और आर्थिक स्थिति को बुरी तरह प्रभावित करती है। उन्होंने आगे कहा की सरकार और ब्यूरो की नमक लोटा अभियान, साइकलोथोन मुहिम, "नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन – बेकैट चैलेंज" और अन्य पहलें नशे के खिलाफ एक सशक्त संदेश देती है। समाज के सभी वर्गों को इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित करती हैं। समाज से नशे को समाप्त करना एक लंबी और सामूहिक प्रक्रिया है, जिसमें सरकार, परिवार, शिक्षा संस्थाएं, मीडिया, और आम नागरिकों की भागीदारी अनिवार्य है। अंत मे सभी से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि अगर किसी को कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई दें तो भारत सरकार के द्वारा चलाई जा रही नशे संबंधित टोल फ्री नंबर 1933, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल व टोल फ्री नंबर 90508-91508 या इंचार्ज नंबर 9416937786 पर बेफिक्र होकर सूचना दें सकते हैं।

## सरकारी स्कूल में चोरी, कंप्यूटर लैब से 16 बैटरियां और म्यूजिक सिस्टम साफ

- चोरों पर स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

गांव शेरपुर सुलखनी स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। चोर स्कूल के कंप्यूटर रूम और कार्यालय के ताले तोड़कर अंदर घुसे और कंप्यूटर लैब से इंनर्टर की 16 बैटरियां, म्यूजिक सिस्टम और पीतल की घंटी चुरा ले गए। चोरों ने स्कूल में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ डाले। स्कूल के पीटीआई कुलविंदर सिंह वासी शेरपुर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया गया है कि 30 मई को स्कूल के सभी कमरों के ताले बंद कराए गए थे। लेकिन 31 मई की सुबह करीब साढ़े 6 बजे ग्राम पंचायत के स्वीपर अमित कुमार स्कूल में सफाई के लिए पहुंचा तो उसने कंप्यूटर रूम और कार्यालय के ताले टूटे पाए। अमित ने तुरंत इसकी सूचना स्कूल स्टाफ को दी, जिसके बाद कुलविंदर सिंह मौके पर पहुंचे। जांच में पाया गया कि कंप्यूटर रूम से इन्वर्टर यूपीएस की 16 बैटरियां (एमरॉन कंपनी), म्यूजिक सिस्टम और पीतल की घंटी गायब हैं। इसके अलावा स्कूल में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे भी तोड़े गए थे ताकि चोरों की पहचान न हो सके। पुलिस ने कुलविंदर सिंह की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 305 व 331(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मेधावियों को डीएसपी ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

भगवान वाल्मीकि शिक्षा प्रचार समीति सिरसगढ़ द्वारा बाल्मीकि आश्रम सिरसगढ़ में शिक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समीति के प्रधान सलिंदर झाडूमाजरा ने की कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रसिद्ध पर्वतारोही एवं डीएसपी ममता सौदा रही।इस दौरान समीति ने क्षेत्र के होनहार छात्रों जो मेट्रिक व10+ 2 में 90% से ऊपर अंक लेकर परीक्षा में उत्तीर्ण हुए उनको खचाखच भरे कार्यक्रम मे सम्मानित किया गया। छात्रों को कार्यक्रम इस दौरान समीति द्वारा प्रोत्साहन प्रमाण पत्र व मेडल प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने बोलते हुए उपस्थित छात्रों व अभिभावकों का उत्साह वर्धन किया।



मुलाना। छात्रों को सम्मानित करते मुख्यअतिथि।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर राजेश टांक, , डॉ. प्रवीण कुमार, चेतना, संजीव मचल,डॉ. राजेंद्र साहिल कुमार, परमजीत, आशोक विडलान, रिंकू मचल, सतीश लोहट, विनोद मुलाना, डॉ. हरपाल, संदीप कोहरा एमसी, गुलजार, सोहनलाल घेलडी, जरनैल बराड़ा, मनजीत, सतीश रामपुर, नरेश, मुकेश, लखविंदर,रोहताश कागड़ा भी उपस्थित रहे।

## सैर के लिए आई महिला ने सुभाष पार्क के तालाब में कूदकर खुदकशी की

- मानसिक तौर पर परेशान थी महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रविवार सुबह एक महिला ने सुभाष पार्क के तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली। इससे पूरे पार्क में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पार्क के बाहर खड़े पुलिस कर्मियों ने पार्क में पहुंचकर उसे खाली कराया। इसके बाद महिला के शव को तालाब से बाहर निकालकर अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया। जानकारी के अनुसार कमलेश नाम की महिला सुबह 5 बजे अपने पति के साथ पार्क में टहलने आई थी। इसी दौरान उसका पति पार्क में बने वॉशरूम में चला गया। पीछे से महिला ने तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली। अंबाला कैंट थाने के एसएचओ अजायब सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि महिला मानसिक तौर पर परेशान थी। आसपास घूम रहे लोगों ने पुलिस को बताया है कि वह पहले इधर-उधर देख रही थी। इसके बाद सीधे तालाब में छलांग लगा दी। शोर सुनकर आसपास मौजूद लोग और पुलिस भी पहुंच गए। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाया है। शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि महिला डाक विभाग में काम करती थी।

## यूरोलॉजी ओपीडी फिर शुरू, सप्ताह में तीन दिन उपलब्ध होंगे विशेषज्ञ

**अंबाला।** अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल में यूरोलॉजिस्ट की ओपीडी सेवाएं एक बार फिर शुरू हो गई है। यूरोलॉजिस्ट डॉ. हरप्रीत सिंह अब सप्ताह में तीन दिन अस्पताल में उपलब्ध रहेंगे। वे ओपीडी के साथ-साथ ऑपरेशन थियेटर में जरूरी सर्जरी भी करेंगे। डॉ. हरप्रीत सिंह ने बताया कि यूरोलॉजी चिकित्सा की एक विशिष्ट शाखा है, जो मूत्र मार्ग (किडनी, यूरीटर, ब्लेडर तथा पुरुषों की प्रजनन प्रणाली से जुड़ी बीमारियों के इलाज से संबंधित है। आम तौर पर जिन समस्याओं के लिए लोग यूरोलॉजिस्ट के पास जाते हैं, उनमें गुर्दे या मूत्राशय की पथरी,पेशाब में जलन या रुकावट, प्रोस्टेट से जुड़ी समस्याएं, पेशाब में खून आना, बार-बार पेशाब आना या पेशाब रुकना, पुरुष बांझपन और यौन समस्याएं शामिल है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज दीदी की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित हुआ भव्य समारोह

# सहनशीलता- सहयोग व स्नेह की मूर्ति थी सरोज दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। समारोह में बीके सरोज दीदी को नमन करते वक्ता।

राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज दीदी के प्रथम पुण्यतिथि पर रविवार को अग्रवाल भवन, सेक्टर-9 में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

फरीदकोट से पधारी पंजाब जोन की निदेशक ब्रह्माकुमारीज़ राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रेम दीदी ने अपनी शुभ प्रेरणाएं देते हुए कहा अपने प्रारंभिक दिनों में समाज तथा लौकिक परिवार से दीदी ने बहुत संघर्ष सहन किया। परमात्मा के प्रति दृढ़ निश्चय के कारण उन्होंने अपनी छोटी आयु में ही परमात्मा की बताई हुई युक्तियों को अपनाते स्वयं को बंधन मुक्त किया। ईश्वरीय सेवाओं में संपूर्ण समर्पित रूप से संलग्न हुई। उनका व्यक्तित्व सबको प्रेरणा देने वाला था जो कोई भी उनसे पहली बार मिलता उसे उनसे अपनेपन की भावना महसूस होती। मन को बहुत सुकून महसूस होता जैसे मन एकदम शांत बुद्धि स्थिर हो गई हो। सहनशीलता सहयोग स्नेह की मूर्ति थी सरोज दीदी। उन्होंने कहा कि परमात्मा के जो गुण हैं वो गुण ही दीदी में झलकते थे। उन्होंने अपनी सुरत से भगवान की मूर्त दिखाई, ईश्वरिय जीवन की मर्यादाओं पर पूरा पूरा चलने को उन्होंने अपने जीवन का लक्ष्य बनाया। अपनी अंतिम श्वांस तक भी उन मर्यादाओं को निभाया। उनकी सेवाओं ने कई आत्माओं को ब्रह्माकुमारीज संस्थान के वारिस-गुणवत्ता वाले, अच्छे, सेवा योग्य ब्राह्मण बच्चे बनने के लिए पोषित किया है। चंडीगढ़ से पधारी ब्रहमाकुमारीज़ पंजाब ज़ोन की डायरेक्टर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी उतरा दीदी ने अपनी शुभ प्रेरणाएं देते हुए कहा सरोज दीदी को सेवा का इतना शौक था कि लाखों आत्माओं का उन्होंने कल्याण किया। अपने जीवन की हड्डी हड्डी उन्होंने सेवा में लगाई। उनके जीवन में दूसरों के लिए सिर्फ देना ही देना का भाव रहा। वह सदा यज्ञ प्रति आज्ञाकारी वफादार ईमानदार रहे। अपने संग की बहनों को भी उन्होंने ऐसी ही पालन दी थी जिसके आधार से वह आगे बढ़ते रहे और अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाते रहे। कंच घर सेवा केंद्र निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी ने कहा ईश्वरीय शक्तियों द्वारा उन्होंने अपने जीवन में आई मुसीबतों का सामना किया। उनका संकल्प रहता था इस ईश्वरीय परिवार में आने वालों को मैंने अपने शक्तिशाली संकल्पों से भरपूर करके भेजना है। सभी उनसे बहुत रमणीकता से मिलते थे और अपनी स्थिति बहुत उंच बनाकर जाते थे। उन्होंने कहा मैं भी जब सेवा केंद्र पर रहने के लिए आई तो मुझे कुछ नहीं आता था मुझे छोटी से छोटी व बड़ी से बड़ी बात भी सरोज दीदी से ही सीखने को मिली।